**07-03-2023**

# पीजी डिप्लोमा व सार्टिफिकेट कोर्सेज में आनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक



वार्ता में शामिल निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन व अन्य।

कानपुर, 12 मार्च। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। संस्थान द्वारा शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा इंजीनियरिंग, अल्कोहल प्रौद्योगिकी, गन्ना उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और पर्यावरण विज्ञान, औद्योगिक उपकरण और अन्य संबंधित विषयों में संचालित बारह पाठ्यक्रमों के लिए आनलाइन परीक्षा देशभर के पंद्रह केंद्रो, कानपुर, नई दिल्ली, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, देहरादून, इंदौर, मेरठ, गोरखपुर, चंडीगढ़ और पटना आदि पर आयोजित की जाएगी। शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि तीन फेलोशिप, छह पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा और तीन सार्टिफिकेट लेवल, कोर्स के लिए भारतीय और विदेशी उम्मीदवारों द्वारा आनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2023 से शुरू होगी। उन्होंने कहाकि विदेशी श्रेणी के उम्मीदवारों का प्रवेश उनकी शैक्षणिक योग्यता की मेरिट के आधार पर होगा और उन्हे परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है। पहले से कई चीनी उत्पादक देशों ने इन पाठ्यक्रमों में अपने छात्रों के नामांकन से संबंध में चर्चा की। चीनी उद्योग मंत्री, फिजी चरण जीत सिंह ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन के साथ विस्तार से चर्चा की। पिछले कुछ महीनों के दौरान, कई विदेशी प्रतिनिधियों ने संस्थान का दौरा किया और इंडोनेशिया, फिलीपींस, नाइजीरिया और तंजानिया जैसे देशों ने छात्रों को नामित करने के लिए अपना झुकाव दिखाया। संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि देश में चीं उद्योग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और विशेष रूप से इथेनाल के लिए काफी क्षमता निर्माण हो रहा है। इसलिए चीनी उद्योग में नौकरी के सुनहरे अवसर है। जिसके परिणाम स्वरूप ये पाठ्यक्रम सौ प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान कर सकते है।

# एनएसआई के नए शैक्षणिक सत्र 23-24 सभी प्रक्रिया पूरी

## 10 अप्रैल से होंगी ऑनलाइन परीक्षा, विदेशी छात्र छात्राओं को मेरिट के आधार पर मिलेगा दाखिला



**नगराज दर्पण समाचार**

कानपुर । नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट के नए शैक्षणिक सत्र को शुरू करने की सारी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है । आगामी 10 अप्रैल ऑनलाइन परीक्षा संपन्न होगी । यह जानकारी परीक्षा के नोडल अधिकारी अशोक गर्ग ने दी । उन्होंने बताया कि सभी 12 पाद्यक्रमों की परीक्षा 10 अप्रैल को होगी। विदेशी छात्र छात्राओं को लाइन परीक्षा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि उनका दाखिला मेरिट के आधार पर किया जाएगा । उन्होंने बताया कि कानपुर के साथ-साथ विभिन्न राज्यों में 15 केंद्र बनाए गए हैं जहां पर ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था की गई है इंस्टीट्यूट के निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया कि युवा पीढ़ी चीनी उद्योग में अपना भविष्य संवार रही है इस उद्योग में नए रोजगार के अवसर काफी ज्यादा है इसलिए छात्र-छात्राओं का रुझान दिन पर दिन और बढ़ता जा रहा है । उन्होंने चीनी उद्योग के मंत्री चरणजीत सिंह सेव पिछले दिनों हुई वार्ता का भी जिक्र करते हुए कहा कि मंत्री ने भी इस उद्योग को बढ़ाने के लिए आश्वासन दिया है ताकि भारतीय चीनी उद्योग विदेशों में भी अपना परचम लहरा सके । श्री मोहन ने बताया कि नेशनल शुगर इंस्टिट्यूट लगातार ऐसे नए अविष्कार कर रहा है जिससे सरकार को भी फायदा मिलेगा ।

# शुगर संस्थान में प्रवेश के लिए ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम फॉर्म भरें

- संस्थान में 12 कोर्स के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई
- फिजी के शुगर मिनिस्टर ने डायरेक्टर से मुलाकात की

ब्रीटीएनएन

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। संस्थान द्वारा शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा इंजीनियरिंग, अल्कोहल प्रौद्योगिकी, गन्ना उत्पादकता, गुणवत्ता नियंत्रण और पर्यावरण विज्ञान, औद्योगिक उपकरण और अन्य संबंधित विषयों में संचालित बारह पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन परीक्षा देश भर के पंद्रह केंद्रों, कानपुर, नई दिल्ली, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, देहरादून, इंदौर, मेरठ, गोरखपुर, चंडीगढ़ और पटना आदि पर आयोजित की जाएगी।। शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि तीन फेलोशिप, छह पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा और तीन सर्टिफिकेट लेवल कोर्स के लिए भारतीय और विदेशी उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 10 अप्रैल 2023 से शुरू होगी। उन्होंने कहा कि विदेशी श्रेणी के उम्मीदवारों का प्रवेश उनकी शैक्षणिक योग्यता की मेरिट के आधार पर होगा और उन्हें परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है। पहले से कई चीनी उत्पादक देशों ने इन पाठ्यक्रमों में अपने छात्रों के नामांकन के संबंध में चर्चा की है। चीनी उद्योग मंत्री, फिजी, चरण जीत सिंह ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर नरेंद्र मोहन, निदेशक के साथ विस्तार से चर्चा की। पिछले कुछ महीनों के दौरान,



कई विदेशी प्रतिनिधियों ने संस्थान का दौरा किया और इंडोनेशिया, फिलीपींस, नाइजीरिया और तंजानिया जैसे देशों ने छात्रों को नामित करने के लिए अपना झुकाव दिखाया है, निदेशक ने कहा। देश में चीनी उद्योग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और विशेष रूप से इथेनॉल के लिए काफी क्षमता निर्माण हो रहा है। इस लिए चीनी उद्योग मे नौकरी के सुनहरे अवसर हैं, जिसके परिणामस्वरूप ये पाठ्यक्रम 100त्न प्लेसमेंट प्रदान कर सकते हैं, निदेशक ने कहा। पिछले साल, हमारे छात्रों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त करने में न केवल सफलता मिली बल्कि वास्तव में हमारे पास कुछ कोर्सों में प्लेसमेंट के लिए छात्रों की कमी थी, डी स्वैन, प्रोफेसर शुगर इंजीनियरिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर ने कहा।

# 325 सीटों के लिए देश के 15 केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा

## एनएसआई : ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से हो जाएगी शुरू

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) में शैक्षणिक सत्र (2023-24) के 12 पाठ्यक्रमों की 325 सीटों में प्रवेश के लिए परीक्षा देश के 15 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑनलाइन ली जाएगी। विदेशी श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश मेरिट के आधार पर मिलेगा। उन्हें ऑनलाइन परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। परीक्षा 25 जून को होगी।

एनएसआई के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि तीन फेलोशिप, छह पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा और तीन सर्टिफिकेट लेवल कोर्स के लिए भारतीय और विदेशी उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इंडोनेशिया, फिलीपींस, नाइजीरिया और तंजानिया आदि देशों ने अपने छात्रों के नामांकन के लिए पेशकश की है।

शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा इंजीनियरिंग, अल्कोहल प्रौद्योगिकी, गन्ना उत्पादकता, गुणवत्ता नियंत्रण, पर्यावरण विज्ञान, औद्योगिक उपकरण और संबंधित विषयों में संचालित 12 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाने हैं। देश में कानपुर, नई दिल्ली, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, देहरादून, इंदौर, मेरठ, गोरखपुर, चंडीगढ़ और पटना के 15 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

एनएसआई के निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि देश में शर्करा उद्योग में नौकरी के सुनहरे अवसर हैं। अभ्यर्थियों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हो जाता है।



# शर्करा संस्थान में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से

## देश के 15 शहरों में आयोजित की जायेगी प्रवेश परीक्षा

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है। यहां संचालित शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा इंजीनियरिंग, अल्कोहल प्रौद्योगिकी, गन्ना उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण व पर्यावरण विज्ञान, औद्योगिक उपकरण व अन्य संबंधित विषयों में संचालित 12 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्ह छात्र 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए देशभर के 15 शहरों में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी।

संस्थान के शिक्षा प्रभारी अशोक गर्ग ने बताया कि तीन फेलोशिप, छह पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा और तीन सर्टिफिकेट लेवल कोर्स के लिए भारतीय व विदेशी उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। विदेशी श्रेणी में उम्मीदवारों का प्रवेश उनकी शैक्षणिक योग्यता की मेरिट के आधार पर दिया जायेगा। उन्हें प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि इधर राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कई चीनी उत्पादक देशों ने रुचि दिखाई है। चीनी उद्योग मंत्री, फिजी चरणजीत सिंह ने अपनी भारत यात्रा के दौरान संस्थान के निदेशक नरेन्द्र मोहन के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की थी। पिछले कुछ माह के दौरान कई विदेशी प्रतिनिधियों ने संस्थान का दौरा किया है। निदेशक नरेन्द्र मोहन ने कहा कि इंडोनेशिया, फिलीपींस, नाइजीरिया व तंजानिया जैसे देशों ने छात्रों को यहां नामित करने के लिए अपना झुकाव दिखाया है। संस्थान अधिकारियों का कहना है कि देश में चीनी उद्योग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इथेनॉल के लिए भी काफी क्षमता का निर्माण हो रहा है। लिहाजा चीनी व संबद्ध उद्योगों में रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। इस कारण उनके पाठ्यक्रम 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान कर सकते हैं। प्रोफेसर शुगर इंजीनियरिंग डी. स्वेन की मानें तो पिछले साल नौकरी की उपलब्ध मांग के सापेक्ष कई कोर्सेस में प्लेसमेंट के लिए छात्र ही कम पड़ गये थे।

## Links for Digital News

National sugar institute की 325 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से जानिए कब होगी प्रवेश परीक्षा।